बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत


फूलपुर (प्रयागराज)। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान शुक्रवार की देर रात मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रो-रोकर स्वजन बेहाल हैं।

फूलपुर थाना क्षेत्र के करुआडीह गांव निवासी रामसिंह यादव (४५) पुत्र प्रभुनाथ यादव बुधवार को बाइक से प्रतापपुर बैंक जाने के लिए घर से निकले थे। घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर मुख्य मार्ग पर मुड़ते ही तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा इतना जोरदार था कि रामसिंह को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर से टक्कर मारने वाला फरार हो गया।

घटनास्थल पर जुटे लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और घायल रामसिंह को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जिला अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था, लेकिन शुक्रवार की मध्यरात्र उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। परिजन उसके शव घर लाये। शनिवार की सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामसिंह की पत्नी रीता देवी, पुत्र रितेश, नितेश पुत्री रविका, कविता सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंकते उत्तर प्रदेश किसान सभा के कार्यकर्ता।



गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान में छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि।

मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका, इस्तीफे की मांग

वोट चोरी के आरोपों को लेकर झूंसी में सीटू और किसान सभा का प्रदर्शन

झूंसी (प्रयागराज)। कथित वोट चोरी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में १० अक्तूबर को सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) और उत्तर प्रदेश किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने झूंसी के लाल चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका गया और उनके इस्तीफे की मांग उठाई गयी।

सभा में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया के जरिए लोगों को मतदान के अधिकार से वंचित करने की आशंका है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी सरकार चुनने का अधिकार है और चुनाव आयोग की जिम्मेदारी निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराना है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार पर चुनाव आयोग की स्वतंत्रता प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से संबंधित २०२३ के कानून में किये गये बदलावों पर भी सवाल उठाये। उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया और इसके लिए निर्धारित समय को लेकर आपत्ति जतायी। वक्ताओं का कहना था कि धान की कटायी और शादी-विवाह के व्यस्त मौसम में पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी कराने से बूथ स्तर के अधिकारियों और आम लोगों पर दबाव बढ़ सकता है।

सभा में मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता, पर्याप्त समय और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की गयी। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफा देने और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की अपील की। प्रदर्शन में सीटू जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, जिलाध्यक्ष विकास स्वरूप, किसान सभा के जिला मंत्री भूपेंद्र पांडेय, यशवंत सिंह, ईशु मौर्य, रमाकांत, चंद्रमा, मोहनलाल, शिखा, श्रेयांश, बलवंत यादव, औरंगजेब, मनोज, रवि, शैलजा, प्रदीप, शैलेंद्र, सौरभ, अनिल, मुस्कान, वीके राय, आनंद त्रिपाठी, मनोज सक्सेना और डीएन दुबे सहित कई वर्तमान एवं पूर्व एलआईसी कर्मचारी मौजूद रहे।

टीटीई से मारपीट के मामले में दो जीआरपी सिपाही निलंबित

नैनी (प्रयागराज)। छिवकी रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान टीटीई से मारपीट के मामले में जीआरपी के दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। गुरुवार को हुई घटना के विरोध में टीटीई कर्मचारियों ने स्टेशन पर धरना देकर हंगामा और नारेबाजी की थी। कर्मचारियों की कारवाई की मांग पर दोनों सिपाहियों के निलंबन के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया।

जानकारी के अनुसार, छिवकी स्टेशन पर तैनात जीआरपी सिपाही कमलेश कुमार और विमलेश कुमार का गुरुवार को ड्यूटी पर तैनात टीटीई अशोक कुमार कुशवाहा से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान सिपाहियों ने टीटीई के साथ मारपीट की। बताया गया कि सिपाहियों ने टीटीई पर टिकट जांच के नाम पर वसूली करने का आरोप लगाया था, जिसके बाद मामला बढ़ गया।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में टीटीई कर्मचारी विरोध में उतर आये और स्टेशन परिसर में धरने पर बैठ गये। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए आरोपित सिपाहियों के खिलाफ कारवाई और निलंबन की मांग की। इससे स्टेशन पर कुछ समय के लिए हंगामे की स्थिति बन गयी। सूचना मिलने पर रेलवे और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों से बातचीत कर स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया, लेकिन टीटीई अपनी मांग पर अड़े रहे। आखिरकार दोनों जीआरपी सिपाहियों को निलंबित किये जाने के बाद कर्मचारियों का विरोध शांत हुआ। मामले में लगाये गये आरोपों की विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

दुर्गा पूजा पंडाल में शराबी मिला तो आयोजकों पर होगी कारवाई-एसीपी

मांडा (प्रयागराज)। दुर्गा पूजा, दशहरा और प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार शाम भारतगंज पुलिस चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में एसीपी मेजा बृजेश पाठक ने पूजा समितियों को पंडालों की व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

एसीपी ने कहा कि दुर्गा पूजा पंडालों की आंतरिक व्यवस्था की जिम्मेदारी आयोजकों की होगी। यदि आरती के दौरान किसी पंडाल में कोई व्यक्ति शराब के नशे में पाया गया तो आयोजकों की लापरवाही मानते हुए उनके खिलाफ कारवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कस्बे और बाजारों में नवरात्र के दौरान मछली, मुर्गा, अंडे और बकरे के मांस की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। पुलिस ने आश्वस्त किया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वह सतर्क रहेगी। बैठक का संचालन भारतगंज चौकी प्रभारी हर्ष कुमार ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजीव कुमार सिंह, शुभम केसरी डंकू, प्रशांत कुमार बिंद, जितेंद्र केसरी, राजन केसरी, अलाउद्दीन नक्शबंदी, अमरेश मिश्रा, अवधेश केसरी, रियासत, अशोक मौर्य, तौफीक और शाहिद सहित कई लोग मौजूद रहे।

वेद, रामचरितमानस और प्राचीन वैज्ञानिक ग्रंथों की दिखी झलक

जीबी पंत संस्थान में भारतीय ज्ञान परंपरा की दुर्लभ पांडुलिपियों की छायाचित्र प्रदर्शनी

झूंसी (प्रयागराज)। गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'भारतीय ज्ञान प्रणाली : पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक चुनौतियों के बीच सेतु' के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी दुर्लभ पांडुलिपियों की छायाचित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय एवं संस्कृति विभाग, प्रयागराज की आयेर से आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. अजय तनेजा और जीबी पंत संस्थान के निदेशक प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

मुख्य अतिथि प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण में पांडुलिपियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत सरकार के ज्ञान भारतम् मिशन के माध्यम से पांडुलिपियों के संरक्षण और सुरक्षा की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्देश्य प्राचीन ज्ञान-संपदा को सुरक्षित रखने के साथ उसे आधुनिक ज्ञान और वर्तमान चुनौतियों से जोड़ना है।

प्रदर्शनी में ऋग्वेद संहिता, सामवेद, यजुर्वेद संहिता, वाजसनेयी संहिता, भागवत महापुराण, महाभारत, रामचरितमानस, अभिज्ञान शाकुंतलम्, मेघदूत, गीत गोविंद, राजतरंगिणी और रघुवंश महाकाव्य जैसी महत्वपूर्ण रचनाओं की पांडुलिपियों के छायाचित्र प्रदर्शित किये गये। इसके अलावा लीलावती, सूर्य सिद्धांत, योगसूत्र, संगीत रत्नाकर, भृगु संहिता, श्रीभाष्य और वेदार्थ प्रकाश जैसे ग्रंथों की झलक भी देखने को मिली। ताड़पत्र पर लिखी पांडुलिपियों के साथ फारसी भाषा में उपलब्ध महाभारत, भागवत महापुराण, पद्मपुराण, लीलावती और रामायण से संबंधित पांडुलिपियों के छायाचित्र भी आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में नीति आयोग के डा. कुमार संजय, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी की महानिदेशक डा. प्रिया राय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डा. बीके सिंह सहित विभिन्न राज्यों से आये पुस्तकालयाध्यक्ष, अतिथि और सम्मेलन के प्रतिभागी उपस्थित रहे। राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय के पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सरकार ने अतिथियों और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर गोपाल मोहन शुक्ला, बृजभूषण मिश्रा, हरिश्चंद्र दुबे, अजय मौर्य और मोहम्मद शफीक सहित संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



समाधान दिवस में शिकायत सुनते अधिकारी।

करछना समाधान दिवस में राजस्व संबंधी दो शिकायतें दर्ज

करछना (प्रयागराज)। करछना थाने में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित दो शिकायतें दर्ज की गईं। शिकायतों में भूमि सीमांकन और अवैध अतिक्रमण से जुड़े मामले शामिल रहे।

इंस्पेक्टर भारत सिंह और नायब तहसीलदार ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनके निस्तारण के निर्देश दिये। अधिकारियों ने बताया कि मामलों की जांच और समाधान के लिए राजस्व टीमों को मौके पर भेजा गया है। साथ ही शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस टीम को भी आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। अधिकारियों ने शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने की बात कही।

दुर्गा पूजा पर मीट की दुकानें बंद रखने के निर्देश

पूजा पंडालों में पानी और बालू की बाल्टियां रखना अनिवार्य

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। दशहरा और दुर्गा पूजा के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए शंकरगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। इसमें पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली और यातायात से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की।

थानाध्यक्ष प्रीतम कुमार तिवारी ने लोगों से आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान नगर और क्षेत्र की सभी मीट की दुकानें बंद रहेंगी। पूजा पंडालों में आग जैसी आपात स्थिति से निबटने के लिए पानी और बालू से भरी बाल्टियां अनिवार्य रूप से रखी जाएं। नगर की व्यवस्थाओं को लेकर थानाध्यक्ष ने नगर पंचायत को पूजा पंडालों के आसपास साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। शंकरगढ़ में तीन दिनों तक लगने वाले दशहरा मेले को देखते हुए थानाध्यक्ष ने पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने का आश्वासन दिया। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने नगर में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को चालू कराने की मांग उठाई। वहीं, सुजीत केसरवानी सरताज ने शंकरगढ़-रानीगंज मार्ग पर लगने वाले जाम की समस्या उठाते हुए भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की। बैठक में उपनिरीक्षक केके तिवारी, उपनिरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा, दीवान गुलाब सिंह, सतीश यादव, प्रधान ज्ञानेंद्र मिश्रा, जितेंद्र साहू, सभासद अतुल यादव, मो. शफीक, रामपाल, कमलेश आदिवासी, पप्पू भारतीय और प्रधान प्रतिनिधि पप्पू सिंह मौजूद रहे।

पुराने यमुना पुल के पास मिली घर से निकली युवती

नैनी (प्रयागराज)। नैनी कोतवाली क्षेत्र की एग्रीकल्चर चौकी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घर से निकली युवती को पुराने यमुना पुल के पास से सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक पूछताछ और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने युवती को उसके भाई के सुपुर्द कर दिया।जानकारी के अनुसार, सोरांव क्षेत्र निवासी आरती कुमारी पुत्री महेंद्र कुमार अपने प्रेमी के साथ घर से चली गयी थी। युवती के अचानक लापता होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद एग्रीकल्चर चौकी प्रभारी अभय सिंह ने पुलिस टीम के साथ उसकी तलाश शुरू की। पुलिस के मुताबिक, यूपी-११२ से मिली सूचना और लोकेशन के आधार पर युवती को नैनी स्थित पुराने यमुना पुल के पास से बरामद किया गया। इसके बाद उसे सुरक्षित एग्रीकल्चर चौकी लाया गया, जहां आवश्यक पूछताछ और काउंसलिंग की गयी। पुलिस ने युवती के भाई कृष्ण कुमार को चौकी बुलाया। सुपुर्दगी से संबंधित कागजी कारवाई पूरी करने के बाद युवती को उसके भाई के साथ भेज दिया गया।

आज का मुहूर्त

दिनांक- ११ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन कृष्ण पक्ष
तिथि- प्रतिपदा रात्रि ०८.३७ तक उपरान्त द्वितीया
वार- रविवार
नक्षत्र- चित्रा रात्रि १०.४१ तक उपरान्त स्वाती
योग- वैधृति रात्रि १०.२४ तक उपरान्त विष्कुम्भ
राशि- कन्या रात्रि १०.२७ तक उपरान्त तुला
सूर्योदय- ०६.१३ बजे
सूर्यास्त- ०५.४८ बजे
राहुकाल- सायं १.३० बजे से ६ तक
भद्रा- नहीं है।
मुहूर्त- नृत्यगीत, कला का आरंभ, दीक्षा ग्रहण, आवेदन पत्र लेखन, शारदीय नवरात्र आरम्भ, शैलपुत्री दर्शन, ब्रह्म मुहूर्त से कलश स्थापन, अभिजित मुहूर्त दिन में ११.३६ से १२.२४ तक दुर्गा सप्तशती का आरंभ ध्वजारोहण भगवती को केश सामग्री अर्पण करें, कंघी-शीशा आदि महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नाती द्वारा नानी-नाना का श्राद्ध।
विशेष- स्नानदान श्राद्ध की अमावस्या, सर्वपैत्री अमावस्या, अज्ञात तिथि के लिए आज श्राद्ध करें, पितृ विसर्जन महालय को समाप्ति। शुक्र वार्धक्य आरम्भ रात्रि ११.१८ से।

युवती से सामूहिक दुराचार के आरोप में तीन के खिलाफ प्राथमिकी

डेढ़ साल पुराने मामले में अधिकारियों के निर्देश पर दर्ज हुआ केस

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती से सामूहिक दुराचार के करीब डेढ़ साल पुराने मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर अधिकारियों के निर्देश के बाद शुक्रवार देर रात मुकदमा दर्ज किया गया। शनिवार को पुलिस ने पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण और न्यायालय में बयान दर्ज कराने के लिए भेजा।

पुलिस को दी गयी शिकायत के अनुसार, २० वर्षीय युवती २२ मार्च २०२५ की रात घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान तीन युवक घर में घुस आये और उसे घर के पीछे ले जाकर सामूहिक दुराचार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना के बारे में किसी को बताने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी।

परिजनों के घर लौटने पर युवती को परेशान देखकर पूछताछ की तो उसने रोते हुए घटना की जानकारी दी। आरोप है कि परिजन उसे लेकर मऊआइमा थाने पहुंचे, लेकिन वहां सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कारवाई की मांग की। अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले के मान्धाता थाना क्षेत्र के सहेलवा गांव निवासी शिवम पटेल और बकराबाद गांव निवासी विनय पटेल सहित तीन युवकों के खिलाफ सामूहिक दुराचार की प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। मामले की जांच जारी है।

अध्यक्ष पद पर पांच, महामंत्री पद पर तीन उम्मीदवार मैदान में

इफको आफिसर्स एसोसिएशन चुनाव में ४४ प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी

फूलपुर (प्रयागराज)। इफको की फूलपुर इकाई में आफिसर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव अधिकारी पीके पटेल ने प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। विभिन्न पदों पर कुल ४४ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कई पदों पर सीधा मुकाबला होगा, जबकि कुछ पदों पर बहुकोणीय टक्कर देखने को मिलेगी।

अध्यक्ष पद पर अनुराग तिवारी, अरविंद कुमार यादव, बबलेश कुमार मिश्र, धर्मेंद्र कुमार सिंह और प्रतीक वर्मा के बीच मुकाबला होगा। महामंत्री पद पर स्वयं प्रकाश, आरएम सिंह और आशीष कुमार गौतम मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार सिंह, मसरूर अहमद सिद्दीकी, राजेश कुमार श्रीवास्तव और राम सागर चुनाव लड़ेंगे।

संयुक्त मंत्री पद पर अखिलेश चंद्र यादव, अरविंद चौहान और राम विशुन, जबकि संघटन मंत्री पद पर बीके यादव, बीपी सिंह (मुन्ना) और वीपी मिश्र के बीच मुकाबला होगा। प्रचार मंत्री पद पर अपूर्व कुमार सक्सेना, राजीव वर्मा, राम दीन पाल और संजय सिंह प्रत्याशी हैं। स्थापना मंत्री पद पर मनोज त्रिपाठी और सीबी सिंह आमने-सामने होंगे। कोषाध्यक्ष पद पर गौतम कुमार और डीकेएस चंदेल, कार्यकारी सदस्य ई पद पर रवींद्र कुमार शर्मा और सतीश कुमार मौर्य तथा कार्यकारी सदस्य एफ पद पर आरके मिश्र और संजय कुमार श्रीवास्तव चुनाव लड़ेंगे।

कार्यकारी सदस्य एफ-१ पद पर इंद्रनील राय, एसके अवस्थी, गिरीश चंद्र, नवीन कुमार वर्मा और बीएसपी भानोजी राव मैदान में हैं। कार्यकारी सदस्य जी पद पर अजय कुमार दूबे और शैलेश कुमार श्रीवास्तव के बीच मुकाबला होगा। जी-१ पद पर एसके विश्वकर्मा, पीयूष मेहता, मनोज कुमार सिंह, राज मणि पटेल और विनीत कुमार दूबे प्रत्याशी हैं। जी-२ पद पर केवल अंबुज पांडेय ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं, एच-१ पद पर अभिषेक श्रीवास्तव और विष्णु कांत तिवारी के बीच मुकाबला होगा। नाम वापसी के बाद अंतिम सूची जारी होने के साथ ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गयी है।



मऊआइमा के जनता इंटर कालेज में छात्राओं को जागरूक करती पुलिस टीम।

सर्वपितृ अमावस्या पर नरवर चौखटा गंगा तट पर उमड़े श्रद्धालु

दिघिया (प्रयागराज)। सर्वपितृ अमावस्या पर शनिवार को नरवर चौखटा स्थित गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के सुबह से ही लोग गंगा घाट पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगायी और अपने पितरों की आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना के साथ विधि-विधान से तर्पण, पिंडदान और दान-पुण्य किया। घाट पर सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता रहा। हिंदू धर्म में सर्वपितृ अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है। इसे पितृपक्ष का अंतिम दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जिन परिजनों के लिए पितृपक्ष में निर्धारित तिथि पर श्राद्ध नहीं हो पाता, वे इस दिन अपने पूर्वजों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कर सकते हैं। मान्यता है कि श्रद्धापूर्वक जल अर्पित करने और दान-पुण्य करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसी आस्था के साथ नरवर चौखटा गंगा तट पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों को याद कर उन्हें जल अर्पित किया। पुरोहितों के मार्गदर्शन में लोगों ने पिंडदान और तर्पण की रस्में पूरी कीं। गंगा स्नान के बाद जरूरतमंदों को दान देकर पितरों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और क्षेत्र में आपसी सौहार्द बनाये रखने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। नवरात्र के दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़, पूजा-पंडालों की गतिविधियों और बाजारों में बढ़ती चहल-पहल को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था महत्वपूर्ण हो जाती है।

जनता इंटर कालेज में छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

छात्राओं को महिला हेल्पलाइन, आपातकालीन पुलिस सेवा और अन्य उपयोगी नंबरों की दी जानकारी

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र स्थित जनता इंटर कालेज में पुलिस की आयेर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और आपातकालीन सेवाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

एसएसआई बालेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने बताया कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की घटना होने पर घबराने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना दें। किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस टीम ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन १०९०, आपातकालीन पुलिस सेवा ११२ और चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८ सहित अन्य उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही इन सेवाओं के इस्तेमाल की प्रक्रिया समझाते हुए छात्राओं से अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

सूचना- मेरा इलाहाबाद स्टेट यूनिवर्सिटी इलाहाबाद बी0एड वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2111956011079 रजिस्ट्रेशन नं0- PRSU 2015 5449 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। संदीप कुमार पुत्र-राम निहोर पता-ग्राम ओदार पो0 मुड़िलाडीह सोनभद्र पिन-231215

इसरो की उपलब्धियों और उपग्रह अनुप्रयोगों पर विशेषज्ञ व्याख्यान

नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की संभावनाओं से कराया परिचित

हनुमानगंज (प्रयागराज)। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में शनिवार को भूगोल विभाग और भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'इसरो: अतीत, भविष्य एवं उपग्रह अनुप्रयोग' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों, भविष्य की संभावनाओं तथा उपग्रह प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक उपयोगों से परिचित कराना रहा।



नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय में व्याख्यान कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। भूगोल विभागाध्यक्ष डा. मीता आर. तिवारी ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति डा. एस.सी. तिवारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. विक्रम सिंह ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

मुख्य वक्ता डा. दिनेश कुमार मिश्रा, वैज्ञानिक 'एसएफ' एवं अनुभाग प्रमुख तथा अंतरिक्षयान संचालन प्रबंधक, अंतरिक्ष विभाग, इसरो-इस्त्राक, लखनऊ ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के विकास और इसरो की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सुदूर संवेदन, उपग्रह आधारित नौवहन, संचार, आपदा प्रबंधन और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में उपग्रह प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में उभरती संभावनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इस दिशा में अध्ययन और अनुसंधान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.बी. तिवारी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी ज्ञान और अंतर्विषयी अध्ययन के महत्व पर जोर दिया। अंत में कुलसचिव एस.एस. मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। विशेषज्ञ व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों तथा उपग्रह प्रौद्योगिकी के विविध उपयोगों को समझने का अवसर मिला।

दुकान में घुसकर दुकानदार से मारपीट, पांच लोगों पर मुकदमा

भारतगंज (प्रयागराज)। मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया चौकी अंतर्गत बरहकला गांव में दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित सुनील कुमार पुत्र रमाशंकर की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सुनील कुमार ने पुलिस को दी गयी शिकायत में बताया कि ७ अक्टूबर की रात करीब ९:३० बजे वह अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान मोहल्ले के सुरेंद्र, महेंद्र, रविशंकर, अनिल कुमार और रोहित कुमार दुकान में घुस आये। आरोप है कि पांचों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। आरोप है कि भीड़ जुटने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गये। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांचों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



छात्रा को पुरस्कृत करती शिक्षिका।

प्राथमिक विद्यालय में मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा क्षेत्र के मोहम्मदपुर सराय अली स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्कूल प्रबंध समिति (एसएमसी) और अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मिश्रा के निर्देशन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका अंजलि पांडेय ने की।

बैठक के दौरान शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले, निर्धारित यूनिफार्म में नियमित विद्यालय आने वाले तथा खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में नियमित विद्यालय आने और पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने के प्रति उत्साह बढ़ाना रहा। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने में सहयोग देने वाले अभिभावकों को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति, नियमित उपस्थिति और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। शिक्षकों और अभिभावकों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आपसी समन्वय बनाये रखने की आवश्यकता पर भी चर्चा की।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम शफीक अहमद (SHAFIQUE AHMAD) पुत्र हबीब अहमद (HABEEB AHMAD) है जो कि मेरे आधार कार्ड व पैनकार्ड में अंकित है जबकि मेरे पासपोर्ट नं0 P4972146 जन्मतिथि 12.09.1955 में नाम शफीक अहमद SHAFEEQUE AHMAD तथा पता म0सं0-के.एम 46/47 पोस्ट करेली इलाहाबाद हैं जो कि गलत है अतः मेरे पासपोर्ट में सही नाम SHAFIQUE AHMAD व पता 39सी/11ए/786, जे.के. आशियाना करैली, जी.टी.बी. नगर इलाहाबाद। शफीक अहमद पुत्र-हबीब अहमद निवासी-39सी/11ए/786 जे.के. आशियाना करैली जी.टी.बी. नगर प्रयागराज

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम मोहम्मद फहद पुत्र रईस अहमद है जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0 ×××× ×××× 6042 में फहद रईस अंकित हो गया है जो कि गलत है भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम मोहम्मद फहद पुत्र रईस अहमद के नाम से जाना व पहचाना जाये। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है। शबाना बेगम पत्नी-रईस अहमद निवासी-43ई/1ई/1ए गौसनगर करैली जिला-प्रयागराज उ0प्र0

जगन्नाथ प्रसाद स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गौहनियाँ, घूरपुर, प्रयागराज महाविद्यालय कोड - 01239

आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर सहायक आचार्य
1. गणित - 01 पद
2. शिक्षा शास्त्र - 01 पद
परास्नातक (पी0जी0) स्तर पर सहायक आचार्य
1. राजनीति विज्ञान - 02 पद
वेतन एवं योग्यता - यू0जी0सी0/30प्र0 शासन एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी **20.10.2026** तक निम्न ईमेल आई0डी0 पर अपना आवेदन भेज सकते है अथवा महाविद्यालय के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक जमा कर सकते है एवं महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से भी भेज सकते है।
साक्षात्कार की सूचना दूरभाष अथवा पंजीकृत डाक द्वारा दिया जायेगा।
ईमेल-JPSGROUPOFINSTITUTE@GMAIL.COM मो0- 9452317543, 9452131261
प्रबंधक